बरेली, गुरुवार
16 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO : III TOP

एसआरएमएस स्टेडियम में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरुआत, पहले मुकाबले में अभिनव, दूसरे में हिमांशु बने मैन आफ द मैच

सेक्रेड हार्ट्स ने मुकुंद इंटरनेशनल को दी मात

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सात की बुधवार को शुरुआत हुई। उद्घाटन मैच में ग्रुप ए में सेक्रेड हार्ट्स ने मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल पर चार विकेट से जीत दर्ज की। अभिनव मैन आफ द मैच बने। दूसरा मैच ग्रुप डी की मिशन एकेडमी स्कूल बहेड़ी और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच हुआ। मिशन एकेडमी ने जीआरएम को नौ विकेट से पराजित किया। हिमांशु गंगवार को मैन आफ द मैच चुना गया।

एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी ● सौ. आयोजक

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में मुकुंद इंटरनेशनल के कप्तान फैजान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन सेक्रेड हार्ट्स के गेंदबाजों के आगे मुकुंद की टीम निर्धारित 20 ओवर में 111 रन बना सकी। टीम को सबसे ज्यादा 30 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। इसके बाद कप्तान फैजान (27 रन, 35 गेंद, चार चौके), प्रेम (17 रन, 18 गेंद, तीन चौके) और अबू बकर (16 रन, 12 गेंद, दो चौके) ही दहाई के अंक तक पहुंच सके। सेक्रेड की ओर से अभिनव ने तीन, हार्दिक जैन और गौरव ने दो-दो विकेट हासिल किए। 111 रन का पीछा करने उतरी सेक्रेड के ओपनर हार्दिक जैन और रुद्र प्रताप सिंह ने आक्रामक शुरुआत से रणनीति को उजागर किया। 3.2 ओवर में पहला विकेट गिरते समय सेक्रेड ने 39 रन बना चुके थे।

अच्छी शुरुआत का अन्य बल्लेबाजों ने फायदा उठाया नतीजा टीम ने जीत का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर लिया। इसमें हार्दिक जैन (28 रन, 12 गेंद, पांच चौके), रुद्र प्रताप सिंह (19 रन, 23 गेंद, दो चौके, एक छक्का), सारांश (12 रन, आठ गेंद, दो चौके) और अभिनव (23 रन, 27 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मिशन एकेडमी स्कूल ने नौ विकेट से जीता मैच

ग्रुप डी की मिशन एकेडमी स्कूल बहेड़ी और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच हुए इस मैच में जीआरएम के कप्तान दीपक अरोड़ा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। एकेडमी ने इसका फायदा उठाया और दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें ओवर में एक-एक विकेट निकाल कर जीआरएम की टीम पर लगाम लगाने का सफल प्रयास किया। नतीजा रन बनाने के प्रयास में जीआरएम के खिलाड़ी पवेलियन लौटे और पूरी टीम 18.4 ओवर में 104 रन बना सकी। इसमें प्रखर अग्रवाल (32 रन, 30 गेंद, 5 चौके) ने सबसे ज्यादा योगदान दिया। इसके बाद टीम का स्कोर 104 रन पहुंचाने में अतिरिक्त के रूप में मिले 24 रनों का योगदान ज्यादा रहा। एकेडमी के गेंदबाज शानू गंगवार और कप्तान हिमांशु गंगवार ने 3-3 विकेट लिए, जबकि सोहिल खान और प्रसाद ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। जीत के लिए 104 रन का पीछा करने उतरी मिशन एकेडमी स्कूल के खिलाड़ियों ने तेजी से खेलना शुरू किया और पांच ओवर में एक विकेट खोकर 53 रन बना लिए और 9.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में मिशन एकेडमी के कप्तान हिमांशु गंगवार ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान ट्रस्ट के देवाशीष मूर्ति, सीईटी के प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन डा. शैलेश सक्सेना, आयोजन सचिव डा. शोभित सक्सेना, डा. आशुतोष पांडेय आदि ने ट्राफी का अनावरण किया।